Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

आज दिनांक 5 सितम्बर 2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के कुलसचिव डा0 बी0डी0के0 पात्रो ने मुख्य अतिथि एसबीआई मुख्य शाखा प्रबंधक प्रमोद रवी को सम्मानस्वरूप पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट देकर एवं समारोह में सम्मलित होने पर धन्यवाद ज्ञापित कर किया। इस अवसर पर संस्थान के कुल तीन अध्यापक प्रो0 डा0 बी0डी0 के0 पत्रों विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, प्रो0 डा0 अनुराग शुक्ला, सहायक प्राध्यापक मैथमैटिक्स, डा0 शिम्पी सिंह जादौन सहायक प्राध्यापक मैथमैटिक्स को सम्मानित किया गया। कुलसचिव महोदय के द्वारा बताया गया, कि शिक्षक दिवस, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है, 5 सितंबर, 1888 को जन्मे डॉ राधाकृष्णन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे। देश आज यानी 5 सितंबर को टीचर्स डे मना रहा है. देश में टीचर्स, रिसर्चर्स और प्रोफेसरों सहित शिक्षकों के कार्यों को पहचानने और उसे सेलिब्रेट करने के लिए हर साल 5 सितंबर को टीचर्स डे मनाया जाता है. डॉ राधाष्णन एक शिक्षक, दार्शनिक और विद्वान के रूप में अपने उल्लेखनीय कार्य के लिए जाने जाते है, एवं सभी शिक्षकों को उन्हीं की तरह देश हित में अपनी नई पीढ़ी के भविष्य को उज्वल बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। संस्थान के छात्र–छात्राओं ने भी इस समारोह में बढ़ चड के हिस्सा लिया। संस्थान के समस्त प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग एवं कार्यक्रम का सफलापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के कुलसचिव डॉ0 बी0ड़ी0के0 पात्रों, डॉ0 अरुण सिंह, डॉ0 रवीश सिंह राजपूत, डा0 अनुराग शुक्ला, डा0 शिम्पी सिंह जादौन, राजीव कुमार, कमलेश कुमार भारती, अश्वनी कुमार उपाध्याय,आरस्तु गौतम एवं मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना, तथा समस्त प्राध्यापकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, एवं छात्र–छात्रायें भी उपस्थित रहें।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज